आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.01.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री ने कहा– विश्व में तीसरी सबसे बड़ी स्टार्टअप व्यवस्था वाला देश बना भारत, युवा स्टार्टअप उद्यमियों से गुणवत्ता पर ज़ोर देने का किया आह्वान।
- हर्षोल्लास से मनाया गया 56वां पूर्ण राज्यत्व दिवस– मुख्यमंत्री ने 70 वर्ष से अधिक आयु के पैंशनरों को बकाया एरियर का भुगतान 31 जनवरी से पहले करने का किया ऐलान।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित–राज्यपाल ने एस.आई.आर अभियान की सराहना करते हुये इसे हिमाचल में भी शुरू करने की जताई आवश्यकता।
- गणतंत्र दिवस कल – शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होगा राज्य स्तरीय समारोह।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों विशेषकर उद्योग और स्टार्टअप उद्यमों में लगे युवाओं से गुणवत्ता पर जोर देने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है और पूरे विश्व की नजर भारत पर है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता ––4:19–

<u>मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्ट अप उद्यमियों से देश में विनिर्मित हर वस्तु की गुणवत्ता में सुधार का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता हमारा मानक और लक्ष्य होना चाहिए। ––बाईट–पीएम</u>

<u>प्रधानमंत्री ने कहा कि दस वर्ष पहले जनवारी 2016 में भारत ने स्टार्टअप इंडिया के शुभारंभ के साथ यह महत्वकांक्षी यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी स्टार्टअप व्यवस्था वाला देश बन गया है। –बाईट–पीएम––</u>

<u>राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि जब कभी एक युवा पहली बार देश का मतदाता बनता है तो पूरे पड़ोस, गांव या शहर को एकजुट होकर और मिठाईयां बांटकर इस क्षण का उत्सव मनाना चाहिए।</u>

<u>नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश भर में चलाए जा रहे ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत अब तक दो सौ करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने देशवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिये आगे आने का आहवान किया। ––बाईट–पीएम––</u>

<u>प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडिया ए.आई इंपैक्ट सम्मेगलन अगले महीने आयोजित किया जा रहा है, जिनमें पूरे विश्व के प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ भारत आयेंगे।</u>

<u>प्रधानमंत्री ने कल मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस का उल्लेख भी किया और कहा कि ये दिन संविधान निर्माताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।</u>

<u>पूर्ण राज्यत्व दिवस</u>

हिमाचल ने आज अपना 56वां पूर्ण राज्यत्व दिवस मनाया। आज ही के दिन वर्ष 1971 में प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था। पूर्ण राज्यत्व दिवस का राज्य स्तरीय समारोह आज कांगड़ा ज़िले के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परागपुर के खेल मैदान में हुआ जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण कर आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अनेक घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक की आयु के पैंशनरों को बकाया एरियर का भुगतान 31 जनवरी से पहले कर

दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने परागपुर में एसडीएम कार्यालय और नलसूहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का ऐलान भी किया।

उद्‌घाटन

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज परागपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 80 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। इनमें कोटला कस्बा में 6 करोड़ 14 लाख रूपए से बने मॉडल करियर सैंटर, रक्कड़ में 78 लाख रूपए से निर्मित ट्रेज़री कार्यालय भवन और लगभग पौने दो करोड़ रूपए से निर्मित जसवां–परागपुर जलशक्ति विभाग के कार्यालय भवन का उद्‌घाटन भी शामिल है। उन्होंने हैरिटेज गांव गरली व परागपुर के लिए 26 करोड़ 16 लाख रूपए की सिवरेज योजना का शिलान्यास भी किया।

मतदाता दिवस

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। राज्यस्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित किया गया जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर राज्यपाल ने नए मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र प्रदान किए। राज्यपाल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एस.आई.आर. की सराहना करते हुए कहा कि ये अभियान वोट काटने का नहीं बल्कि वोट बनाने का काम कर रहा है। उन्होंने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को हिमाचल में भी एस.आई.आर. अभियान शुरू करने को कहा।

गणतंत्र दिवस

कल गणतंत्र दिवस है। राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होगा जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी मौजूद रहेंगे। ज़िला स्तरीय समारोहों में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया धर्मशाला, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री हमीरपुर, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल नाहन, कृषि मंत्री चंद्रकुमार ऊना, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान मंडी, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी चंबा, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर केलंग, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह रिकांगपिओ, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सोलन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बिलासपुर में गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर कुल्लू में होने वाले समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।